सार-समाचार

नकली तेल के 25 टीन जब्त

ब्यावर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आई.पी.एस. के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा आर.पी.एस. व वृत्ताधिकारी राजेश कसाना आर.पी.एस. के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी ब्यावर सिटी मय टीम व डीएफओ ब्यावर द्वारा नकली तेल बेचने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कलश ब्रांड तेल के 25 टीन जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया है। गौरतलब है की सोमवार को थानाधिकारी पुलिस थाना ब्यावर सिटी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की न्यायालय के सामने बिजयनगर रोड पर एक पिकअप खड़ी है जिसमें भारी मात्रा में नकली तेल भरा हुआ है। सूचना विश्वसनीय होने पर त्वरित कार्यवही करते हुए पुलिस दल पहुंचा तो सूचना के अनुसार एक पिकअप खडी नजर आई। पुलिस जाप्ता को देखकर वाहन को भगाकर ले जाने लगा जिस पर वाहन को रूकवा कर वाहन चालक से नाम पता पूछा तो अपना नाम शंकरलाल पुत्र रामदेव जाति रैगर उम्र 45 साल निवासी गाडी मोहल्ला रिसाला मण्डी नसीराबाद होना बताया। जिससे वाहन पिकअप में भरे माल के पूछताछ की गई तो को सन्तोषप्रद जवाब नही देने पर वाहन को चैक किया गया तो 25 टीन कलश ब्रांड के भरे पाये गये जो नकली तेल प्रतीत होने पर एफएसओं ब्यावर से सेम्पल लिये जाकर तेल के 25 टीन जब्त किये गये। पुलिस टीम में रोडूराम उनि थाना प्रभारी और कांस्टेबल शोभग,सत्यप्रकाश ,अशोक कुमार आदि थे।

फर्जी पत्रकार गिरफ्तार

ब्यावर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आई.पी.एस. के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा आर.पी.एस. व वृताधिकारी राजेश कसाना आर.पी.एस. के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी सिटी मय टीम द्वारा फर्जी पत्रकार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक फर्जी पत्रकार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से राजस्थान मीडिया का फर्जी पहचान पत्र जब्त किया गया है। गौरतलब है की सोमवार को प्रार्थी दिलीप चौहान ने रिपोर्ट पेश की कि मैं आज नगर परिषद में किसी कार्य से गया। जहां पर चैनसिंह नाम का एक व्यक्ति फर्जी पत्रकार बनकर लोगो को धमका रहा था। जिसको मैंने व मेरे साथी द्वारा पत्रकारिता के बारे मे पुछने पर हमारे साथ धक्कामुकी करने लगा व धमकाने लगा। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नगर परिषद पहुंच कर उक्त संदिग्ध व्यक्ति को डिटेन कर तलाश ली गई तो कब्जे से राजस्थान मीडिया का पहचान पत्र मिला। जिसके बारे में संबंधित कार्यालय में पता करने पर उक्त नाम का कोई पत्रकार नही होने पर आरोपी रामदेव कोलोनी सेदरिया निवासी चैनसिंह पुत्र लादुसिंह, राजपुत उम्र 35 साल को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी से पूछताछ व अनुसंधान जारी है।पुलिस टीम में रोडूराम उनि थाना प्रभारी सिटी और कांस्टेबल पवन कुमार, टीकराम, मनीष कुमार आदि थे।

दौराई से तारागढ़ तक पैदल यात्रा की

अजमेर, (कासं)। शौहदा-ए-कर्बला के चेहलूम के अवसर पर सोमवार को ग्राम दौराई से तारागढ़ तक पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा इमाम हुसैन की याद में आयोजित की गई, जो नजफ से कर्बला तक की पैदल यात्रा की याद को ताजा करती है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं, बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग शामिल हुए। दौराई स्थित बीबी जैनब के रोजे से शुरू हुई यह पैदल यात्रा का काफिला अंदर वाली मस्जिद और मौला अब्बास के रोजे होते हुए तारागढ़ पर इमाम हुसैन के रोजे तक पहुंचा। यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हुई, जिसमें आशिकान-ए-इमाम हुसैन ने उत्साह और श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। रास्ते में जगह-जगह खाने-पीने और पानी की व्यवस्था की गई थी ताकि जायरीन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। तारागढ़ पर इमाम हुसैन के रोजे पर एक मजलिस का आयोजन हुआ, जिसे मौलाना हैदर विजनोरी साहब ने संबोधित किया। उनके तकरीर के बाद अलम-ए-मुबारक को बरामद किया गया, इसके पश्चात तारागढ़ पंचायत की ओर से लंगर की व्यवस्था की गई। पैदल यात्रा न केवल इमाम हुसैन के बलिदान को याद करने का एक माध्यम है, बल्कि यह सामुदायिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। इस आयोजन में सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ भाग लिया, जिससे सामाजिक समरसता का संदेश भी मिला।

'जिन शासन की रक्षा श्रावकों से'

अजमेर, (कासं)।भारतीय जैन मिलन आदिनाथ द्वारा केंद्र की मार्गदर्शन के अनुसार जिन शासन की रक्षा हेतु श्रावकों का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। सोमवार को विशेष प्रवचन वैशाली नगर स्थित स्थानक में विराजित आचार्य विजयराज महाराज, उपाध्याय जयशजी महाराज, साध्वी पुष्पावती मसा ने संघ प्रवचन दिए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए महाराज साहब ने कहा कि पंचम काल की अंतिम समय तक जिन शासन रहेगा, जिसमें प्रमुख रूप से साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविकाएं जिनशासन की रक्षा करेंगे। वर्तमान समय में धर्म का स्वरूप में बदलाव आ रहा है जो चिंताजनक है परंतु फिर भी वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर का जिन शासन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने मार्गदर्शन देते हुए श्रावकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी के नेतृत्व में जैन मिलन आदिनाथ के मदनलाल बाफना, विजय पोखरण, प्रकाश गंगवाल, सुनील छाजेड़ राजेंद्र पत्नी महेंद्र कला, सुरेश गंगवाल, अजय दोषी, अशोक पहाड़िया, मनीष सेठी, संतोष पोखरण, राकेश दोसी, विनय गदिया सहित अन्य उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन ने कहा प्रवचन श्रावकों के उत्साह वर्धन पर आधारित रहे। विशेष रूप से स्थानक डॉ. पीएम दोषी, वी ताराचंद कर्णावत का विशेष सहयोग रहा।

रामेश्वर छाबा ने नामांकन दाखिल किया

मेड़ता सिटी, (निसं)। नागौर जिला परिषद के वार्ड संख्या 12 से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर छाबा ने विधायक लक्ष्मणराम कलरु व भाजपा जिलाध्यक्ष रामधन पोटलिया, मेङता प्रधान संदीप चौधरी के नेतृत्व में अपना नामांकन दाखिल किया। युवा नेता छाबा ने कहा जनता का प्यार और सन्हे से ही आज आप अब का आशीर्वाद मिला इसलिए वार्ड संख्या 12 जिला परिषद के लिए आपका नामकाना दाखिल किया । इस मौके पर रियांबङी प्रधान मदन गोरा, मेङता उपप्रधान राजवीर जाजङा, उपप्रमुख शोभाराम जयपाल, मेङतारोङ नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मेघराज झोठवाल, जिला महामंत्री बुधाराम गर्वा,जिला महामंत्री रमेश अपुर्वा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश जाजङा, पंचायत समिति सदस्य गोविंद बिश्नोई, लांपोलाई सरपंच सुशील लटियाल, नेतङिया सरपंच रामकिशोर भंवाल, रेण पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर भादू, रेण भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मुण्डेल, अरविंद जाजङा पूर्व महासचिव आरयू, मनीष कमेङिया, मनीष जांगिङ, पुष्पा बगङिया, नंदकिशोर जांगिङ सहित कई जनप्रतिनिधि एव पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्मिकों ने पुकार दस्तावेज दिया

शाहपुरा, (नि.सं.)। पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन राजस्थान के प्रदेश व्यापी आहवान पर संगठन की ब्लॉक शाखा शाहपुरा द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष सुनील दाधीच के नेतृत्व में विधायक डॉ. लालाराम बैरवा को पुकार दस्तावेज के साथ गुलाब का फूल सौंप कर न्याय की गुहार लगाई। जिला प्रतिनिधि एवं प्रदेश कमेटी सदस्य सूर्य प्रकाश शर्मा सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारी का नियत जॉब चार्ट नहीं होने से आमजन के कार्य समय पर नहीं होकर बाधित होते हैं । मंत्रालय कर्मचारियों का कैडर रिव्यू करने, ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में स्पष्ट कार्य विभाजन करने की मांग का ज्ञापन पूर्व में सौंपा गया था। सोमवार फिर अपनी मांगों की याद दिलाने के लिए पुकार दस्तावेज के साथ गुलाब का फूल देकर न्याय की गुहार लगाई गई । इस दौरान महामंत्री नानूराम जाट, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, महावीर प्रसाद गुर्जर, शांतिलाल कोली, रेखा खंडेलवाल, खुशबू राठी, अविनाश पारीक,महावीर सेन,दिनेश कुमार बलाई, शिवराज शर्मा, महावीर सिंह,आसाराम कुम्हार,आदि समस्त मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

वार्ड 62 में निकाली तिरंगा रैली

अजमेर, (कासं)। नगर निगम अजमेर सर्कल 10 मे हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड संख्या 62 भोंपो का बाड़ा चौराहे से तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों व युवा, महिलाए सहित बुजुर्ग आदि भी शामिल हुए तथा नगर निगम सर्कल 10 के स्वास्थ्य निरीक्षक दीपक कुमार चांगरा, जमादार भरत कुमार, कन्हैया लाल, दीपक खोरवाल, वेंकातेश पुट्टी, गोपाल सैनी, कार्तिक प्रजापति आदि द्वारा आमजन से नगर निगम के साथ मिलकर अपने अपने घर वार्ड व अजमेर शहर को साफ रखने हेतु अपील की गई। इस अवसर पर वार्ड 62 के पार्षद नरेंद्र तुनवाल के द्वारा लोगों को तिरंगा झंडा वितरित किया गया।

कांग्रेसजन लोकतंत्र को बचाने में जुट जाए : विजय जैन

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर सोमवार को अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नर्सिंग होम स्थित होटल मेट्रो में शहर कांग्रेस की बैठक आयोजित कर राहुल गांधी द्वारा जारी वीडियो प्रदर्शित किया गया।

कांग्रेस की ओर से चुनावी धांधली के खिलाफ शुरू किए गए अभियान का पूर्ण समर्थन करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने कहा वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है।

उन्होंने पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता से 'लोकतंत्र को बचाने' के लिए खड़े होने और अपनी आवाज़ उठाने का आग्रह किया। जैन ने कहा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी द्वारा जारी विडियो को देख कर देश चुनाव आयोग की हकीकत जान गया है। जैन ने कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने और वोट चोरी के मुद्दे को उठाने का आग्रह किया, साथ ही डिजिटल वोटर लिस्ट और सीसीटीवी फुटेज को उपलब्ध कराए जाने की मांग की, ताकि उसमें मौजूद गड़बड़ियों को उजागर किया जा सके, जनता और राजनीतिक दल उसका खुद 'ऑडिट' कर सकें।'

कांग्रेस पार्टी ने वेव पेज और मोबाइल नंबर भी किया जारी- जैन ने लोगों से संबंधित वेबलिंक पर पंजीकरण करवाकर इस मांग का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'ये लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है।' कोई भी व्यक्ति इस पोर्टल लिंक पर क्लिक करके 'वोट चोरी का सबूत, निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग और वोट चोरी की रिपोर्ट' डाउनलोड कर सकता है।

बैठक में डेयरी चैयरमेन रामचंद्र चौधरी, विधायक विकास चौधरी, महेंद्र सिंह रलावता, डॉ सुनील लारा, प्रताप यादव, प्रियदर्शी भटनागर, अमोलक छाबड़ा, अंकुर त्यागी, शयाम प्रजापति, विपिन बैसिल, रशिम हिंगोरानी, कैलाश कोमल, नरेश सत्यावना, रेनू मेघवंशी, बलराम शर्मा, मुजफ्फर भारती, हितेश्वरी टांक, भागचंद चौपडा, शिव बंसल, निर्मल बैरवाल, शिवराज भडाणा, हामीद चीता, ईश्वर टहल्यानी, आरीफ हुसैन, नीरज यादव, मनीष सेठी, मनीष चौरासिया, सुनील धानका, राजनारायण आसोपा, दयानंद चतुर्वेदी, अंकित घारू, आलोक गुप्ता, जसवंत भड़ाना, कपिल सारस्वत, नीतिन जैन, मनोज कंजर, मनीष शर्मा, हिमांशु गर्ग, मीनाक्षी यादव, दिनेश वासन, बाबर खान, महेंद्र कटारिया, धर्मेंद्र शर्मा, अजय गुर्जर, सोना धनवानी, राकेश चौहान, दिनेश के शर्मा, भोमराज गुर्जर, राजू सबलानीया,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे।

अजमेर देहात जिला कांग्रेस कमेटी व अजमेर के समस्त कांग्रेसजनों की ओर लायंस भवन, वैशाली नगर अजमेर में प्रोजेक्टर के माध्यम से राहुल गाँधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों व संदेश को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर आर टी डी सी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने उपस्थित सभी कांग्रेस जनों से आव्हान किया कि जब राहुल गाँधी भाजपा की तानाशाही और चुनाव आयोग की धांधली के खिलाफ जबरदस्त संघर्ष कर रहे हैं और इनकी मिलीभगत का पर्दाफ़ाश कर हैं तो हम सभी कांग्रेसजनों की जिम्मेदारी बनती है।

कांग्रेसी नेताओं को हिरासत में लेने का विरोध किया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महेंद्र सिंह रलावता, महासचिव शिवकुमार बंसल, महेश चौहान, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, मामराज सेन, जिला अध्यक्ष सतीश वर्मा, डॉ संजय पुरोहित, राजनारायण आसोपा, राजेन्द्र वर्मा, महेन्द्र कटारिया ने वोट चोरी के विरोध में मार्च निकाल रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा समेत अन्य सांसदों को हिरासत में लेने की कड़े शब्दों में निंदा की है।

कांग्रेसी नेता रलावता ने बताया कि केंद्र की एनडीए सरकार वोट चोरी के मामले में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी बेहद शर्मनाक निंदनीय एवं लोकतंत्र पर कुठाराघात है।

कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि डेमोक्रेसी में विपक्ष को अपनी बात उठाने का अधिकार है और प्रदर्शन, मार्च इत्यादि के जरिए ही वो अपने मुद्दों पर जनता की आवाज को बुलंद करते हैं। प्रदर्शन करते नेताओं को हिरासत में लेना उनके इस मौलिक अधिकार का हनन है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार एवं चुनाव आयोग राहुल गांधी द्वारा तथ्यों के साथ लगाए गए वोट चोरी के आरोप की जांच करने की बजाय आमजन को गुमराह कर रही है एवं ध्यान भटकाने के लिए दूसरे रास्ते अपना रहे हैं।

यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बजाए ढोल नगाड़े

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर में स्मार्ट सिटी के तहत शहर में हुए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर सोमवार को यूथ कांग्रेस की ओर से रैली निकाल कर जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देकर जिला कलेक्टर को बाहर बुलाने और लिखित में मांगो का आश्वासन देने की मांग पर अड़े रहे, बाद में पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया।

यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की गूंगी सरकार और जिला प्रशासन को जगाने के लिए ढोल नगाड़े भी बजवाए। यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन में किशनगढ़ के कांग्रेस विधायक विकास चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा के नेतृत्व में सोमवार 12 बजे करीब डाक बंगले पर एकत्रित कार्यकर्ता ढोल बाजे के साथ रैली निकालते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचे।

कलेक्ट्रेट के बाहर पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेट्स पर चढक़र कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध किया और कलेक्ट्रेट के बाहर एक तरफ का रास्ते को जाम कर दिया है और धरना पर बैठ गए।

जिला अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत विकास कार्यों पर करोड़ों रुपए खर्च किए किए, जबकि करोड़ों रुपए की पोल जनता के सामने खुल चुकी है। यूथ कांग्रेस इन सभी कार्यो में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आज विरोध प्रदर्शन किया गया है। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गूंगी सरकार और प्रशासन को जगाने के लिए ढोल नगाड़ों के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने कहा कि यूथ कांग्रेस की ओर से यह प्रदर्शन पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और जिला प्रशासन के खिलाफ किया है, क्योंकि स्मार्ट सिटी के नाम पर लूट मचा रखी है।

चौधरी ने कहा कि 20 साल बाद भी अजमेर की स्थिति वैसी की वैसी ही है। आनासागर की सफाई नहीं हो, बरसात में जलभराव की समस्या बनी हुई तो वहीं सडक़ों की हालत खराब हो रखी है। प्रदर्शन के माध्यम से अजमेर में हुए स्मार्ट सिटी में हुए भ्रष्टाचार को कलेक्टर के माध्यम सरकार तक पहुंचाया जा रहा है। शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं से त्रस्त है, उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

सरवाड़ में विशेष सफाई अभियान

सरवाड़, (निसं)। नगर पालिका द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत 2 से 15 तक के मध्य तीन चरणों में स्वच्छता एवं देश भक्ति का वातावरण निर्माण करने हेतु कई कार्यक्रम जन सहभागिता के साथ आयोजित किये जा रहे है।

सोमवार को नगर पालिका सरवाड़ द्वारा स्थानीय जल स्त्रोतों की स्वच्छता हेतु विशेष सफाई अभियान चलाया गया। रानी कुण्ड व गणेश तालाब में सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई की गई। वहीं अभियान के दौरान नगर पालिका स्वास्थ्य जमादार सत्यनारायण लखन हर्षवर्धन सिंह साहित अन्य सफाई कर्मचारियों की भागीदारी रही। इस तरह अभियान की निरन्तरता में आज मंगलवार को प्रात: 10:30 बजे पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय से बस स्टेण्ड होते हुए चमन चौराहा से पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय तक छात्र-छात्राओं ने तिरंगा रैली का आयोजन किया जायेगा।

वासुदेव देवनानी का यात्रा कार्यक्रम

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार 13 अगस्त सायं 5 बजे जीसीए चौराहा पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवनानी सायं 6 बजे जेएलएन चिकित्सालय के डॉ. अम्बेडकर सभागार में सिंधी शिक्षा विकास समिति द्वारा विभाजन विभीषिका की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी संस्कृति कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

वे गुरूवार 14 अगस्त को प्रात: 9.30 बजे राजकीय संग्रहालय में विभाजन की विभीषिका पर प्रदर्शिनी एवं सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके पश्चात प्रात: 11 बजे महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में सिंधु पीठ द्वारा आयोजित विभाजन विभीषिका संगोष्ठी में भाग लेंगे।

देवनानी अपराह्न 3 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

मसूदा क्षेत्र के सथाना से एक साथ तीन यात्रा शुरू

मसूदा, (निसं)। हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी ग्राम सथाना से वीर तेजाजी महाराज सुरसुरा के लिए छठी पैदल यात्रा शुरू हुई। वहीं सथाना से खाटू श्याम पैदल यात्रा ने मुख्य संचालनकर्ता कैलाश माली के नेतृत्व में प्रस्थान किया। म्वहीं रामदेवरा बाबा रामदेवजी की 19 वी पैदल यात्रा एवं 251 फिट की ध्वजा के साथ जय श्री कल्याण संघ ने रामदेवरा के लिए प्रस्थान किया।

तीनो यात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। इस दौरान वीर तेजा धाम सथाना के गदीपति कैलाश भोपा जी, नोरत दायमा और कैलाश माली एवं उनके साथ पैदल यात्री एवं महिला यात्री का ग्राम सथाना के पूर्व सरपंच अशोक कुमार साहू, अजमेर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश कंवर, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष संजय सिंह, कैशव स्कूल के संचालन महिपाल सिंह राठौड़, युवा भामाशाह पारस मल सोनी, हीरा लाल माली, बबलू सेन एवं समस्त ग्रामीणों ने मैन चोराहे पर माला एवं साफा एवं दुपट्टे पहना कर स्वागत किया। तीनों यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर यात्रा के सकुशल मंगलमय सम्पन्न होने की कामना की।

मसूदा में सूरजपोल गेट के बाहर भंडारा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा रामदेवरा पदयात्रियों के लिए नि:शुल्क भंडारा श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के तत्वाधान में सोमवार को पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी शहरवासीयो की और से सूरजपोल गेट के बाहर आईटी सेंटर में भंडारे का शुभारंभ किया गया। विधायक ने पूजा अर्चना कर विधिवत रूप से झंडारोहण किया।

भंडारे में मसूदा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी अक्षय सिंह राजपुरोहित , गजराज नाहर व अन्य नागरिकों ने पूजा अर्चना की। इस दौरान सेवा समिति के शंकर लाल मेहर, जसराज पंवा, विशाल चोरड़िया, कमलेश चौधरी, हरिप्रसाद, नरसिंह रावत, संजय भील, लक्ष्मण सिंह ,करण चौधरी , राकेश पंवार, मुकेश चौधरी व पवन छीपा सहित कई जने मौजूद रहे।

दरगाह में हुई मुस्लिम समाज के सभी वर्गों की बैठक

अजमेर, (कासं)। इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का 1500वां जन्म दिवस जश्न ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के साथ मनाया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सूफी इंटरनेशनल के तत्वाधान में निकलने वाले जुलूस को लेकर सोमवार को मुस्लिम समाज के सभी वर्गों की बैठक दरगाह की अकबरी मस्जिद में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जुलूस में डीजे की गाडिय़ां शामिल नही होंगी।

सूफी इंटरनेशनल अध्यक्ष हाजी सरवर सिद्दीकी ने बताया कि इस वर्ष 1500वां जश्न ईद मिलादुन्नबी है, तैयारियों को लेकर सोमवार को बैठक का आयोजन कर खास आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

जुलूस के दौरान डीजे की गाडिय़ा शामिल नहीं करने का निर्णय लिया गया, साथ ही जुलूस के दौरान लंगर तकसीम करने वाले सभी लोगों से अपील की गई की वह कचरा पात्र रखे ताकी जुलूस मार्ग पर गंदगी न फैले।

बैठक में सचिव नवाब हिदायत उल्ला, अंजुमन सैय्यदज़दगंन के उपाध्यक्ष हसन हाशमी,सदस्य फजले हसन चिश्ती, एहतेशाम चिश्ती, गफ्फार काजमी, अंजुमन यादगार के अब्दुलवासे चिश्ती पंचायत अंदरकोटियांन के उपाध्यक्ष इस्हाक़ मोहम्मद शेख, सचिव शफीक नवाब, हाजी शेखजादा इफ्तेखार चिश्ती, मौलाना अय्यूब कासमी, काज़ी मुनव्वर अली, आरिफ हुसैन, सैय्यद अनवर चिश्ती, पीर नफीस मियां चिश्ती, अब्दुल नईम खान, अकबर घोसी, अब्दुल हाफिज, हुमायूं खान, यासीन खान सिलावट, इफ्तेखार सिद्दीकी, सैय्यद मसूद मोइनी, शरफुद्दीन मुल्तानी, सालम खान आदि मौजूद रहे।

पेंशनर समाज की मासिक बैठक

ब्यावर, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर की मासिक मीटिंग अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में राज दरबार गार्डन एवं राज रेस्टोरेंट में संपन्न हुई ।

इस अवसर पर राधेश्याम रांकावत ने अपने मधुर स्वर से गणेश वंदना से शुभारम्भ किया। जिला मंत्री हेमंत दीक्षित द्वारा गत मास की प्रोसीडिंग को पढ़ा गया जिसे सदन में उपस्थित सदस्यों ने अनुमोदन किया।योग एवं ध्यान गुरु रवि शंकर के शिष्य नरेश कुमार झंवर ने ज्ञान के क्रम में कई जानकारियां दी। तथा सभी को 20 मिनट का ध्यान करवाते हुए उसके लाभों से सभी को अवगत कराया।

कूंप सिंह रावत ने बुढ़ापे में सेहत को अच्छा रखने के फायदे बताए।

बुजुर्गों को लेकर स्पेशल ट्रेन रवाना

अजमेर, (कासं)।सरकार द्वारा चलाई जा रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 के अंतर्गत सोमवार को अजमेर से रामेश्वरम के लिए करीब साढ़े पांच सौ बुजुर्गों को लेकर स्पेशल ट्रेन को संभागीय आयुक्त शक्तिसिंह राठौड़ ने नाका मदार रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड ने कहा कि बुजुर्ग नागरिक तीर्थ योजना के सात दिवसीय रामेश्वरम की यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेन से सोमवार को बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया है। रामेश्वरम जाने वाले यात्रियों में अजमेर से करीब 550 बुजुर्ग तीर्थ यात्री रवाना हुए है, करीब 250 यात्री चित्तौड़ से ट्रेन में बैठेंगे। सात दिन की यात्रा कर पुन: अजमेर लौटेंगे। सरकार द्वारा योजना के तहत 50 हजार से अधिक बुजुर्गों तीर्थ को आरामदायक एसी ट्रेनों से तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी।

6 हजार यात्रियों को हवाई मार्ग से तीर्थ यात्रियों को काठमाठू भेजे जाएगा, जो सितंबर माह में यात्रा करवाने जा रही है। पहले यह संख्या केवल 35 हजार थी, उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रियों से उन्होंने बातचीत भी की।

ओम प्रकाश सेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा देवस्थान के माध्यम से तीर्थ यात्रा कराई जा रही है, जो बहुत अच्छी है, इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में भाई चारा बढ़ाना है।

इससे आपसी प्रेम बढ़ेगा। ट्रेन में यात्रियों को सभी सुविधाएं दी जा रही है, उन्होंने सरकार, रेलवे व देवस्थान विभाग का आभार जताया।

सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया भीलवाड़ा जिला कमेटी के चुनाव संपन्न

भीलवाड़ा। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया भीलवाड़ा जिला कमेटी के 3 साल का कार्यकाल पूर्ण होने के मौके पर भीलवाड़ा ''जिला कमेटी सम्मेलन' में नई जिला कमेटी के चुनाव हुए। इकबाल मंसूरी जिला अध्यक्ष, एडवोकेट जाकिर हुसैन उपाध्यक्ष, शाहिद पठान उपाध्यक्ष, सलीम मंसूरी जिला महासचिव, आजाद जावेद जिला महासचिव, पार्षद हाजी सलीम अंसारी सचिव, सिकंदर अली नीलगर सचिव, तबस्सुम बानू अंसारी सचिव एवं अनवर मंसूरी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

महिला का पर्स ले गए बदमाश

अजमेर, (कासं)। सोमवार को बाइक सवार बदमाश स्कूटी सवार महिला को धक्का देकर पर्स लूट कर फरार हो गए। महिला के पर्स में सोने की चेन, मोबाइल, जरूरी कागजात व नगदी रखी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस को पीडित़ महिला ने शिकायत देते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एलआईसी कॉलोनी निवासी शिल्पी जैन ने थाने में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में जैन ने बताया कि सोमवार को वह अपने घर से वैशाली नगर आ रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति उनका पीछा कर रहा था। पीडित़ ने बताया कि उसकी स्कूटी की टोकरी में आगे पर्स रखा हुआ था। बदमाश ने उन्हें धक्का दिया और वह असंतुलित हो गई। बाद में उनका पर्स लेकर भाग गया। उन्होंने बदमाश का पीछा किया, लेकिन वह तेज रफ्तार में बाइक को भगा कर फरार हो गया। पीडित़ा ने बताया कि उनके पर्स में 2 हजार रुपए नगदी, सोने की चेन और एक मोबाइल रखा था। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई मंगाराम को सौंपी गई है।

प्रतियोगिता 16 को

अजमेर, (कासं)। श्री झूलेलाल मंदिर वैशाली नगर अजमेर में श्री झूलेलाल सेवा मंडली द्वारा द्वारा 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन 'कृष्ण बनो प्रतियोगिता' एवं 'राधा कृष्ण नृत्य प्रतियोगिता' का आयोजन प्रात: 10:30 बजे से किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर के अध्यक्ष प्रकाश जेठरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में कृष्ण बनो एवं राधा कृष्ण नृत्य प्रतियोगिता एक खुला वर्ग प्रतियोगिता है, इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा एवं प्रतियोगिता में प्रत्येक भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा

आम सूचना

मेरी माता उगमी पत्नि काना जाति जाट निवासी ग्राम धौलपुरिया की मृत्यु दिनांक 1.1.1985 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम धौलपुरिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कालानाड़ा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता उगमी जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रार्थी- अमरा पुत्र काना जाट निवासी ग्राम धौलपुरिया तहसील अरांई(अजमेर)

आम सूचना

मेरा भाई लक्ष्मण पुत्र काना जाति जाट निवासी ग्राम धौलपुरिया की मृत्यु दिनांक 22.05.2014 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम धौलपुरिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कालानाड़ा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे भाई लक